

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
I[st] ग्रेड

REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

21 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

## काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 21 सितंबर का इतिहास

- **1857 :** बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों ने समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- **2000 :** भारत एवं ब्रिटेन के बीच बेहतर संबंध के लिए लिबरल डेमोक्रेटिक फ्रेंडस ऑफ इंडिया सोसायटी की स्थापना हुई।
- **1964 :** माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- **2008 :** रिलायंस के कृष्णा गोदावरी बेसिन में तेल उत्पाद शुरू हुआ।
- **1743 :** आमेर का वीर और बहुत ही कूटनीतिज्ञ राजा सवाई जयसिंह का निधन हुआ।

## 21 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स


- इंदौर भारत का पहला और विश्व का दूसरा शहर होगा, जहां सारे पते डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध होंगे। इंदौर के युवाओं ने एक ऐप बनाया है, जिसके जरिए लंबे ओर जटिल एड्रेस को एक छोटे से डिजिटल एड्रेस कोड में कन्वर्ट कर दिया जाएगा।
- केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाने में पिछड़े राज्यों पर जुर्माना लगाने की घोषणा की गई है। इस मामले में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक सर्कुलर जारी कर छह दंड खंडों को सूचीबद्ध किया है। पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, असम, महाराष्ट्र, बिहार आदि कई राज्य अपने लक्ष्य में काफी पीछ हैं। यह दंड, लक्ष्य प्राप्ति में अब निर्धारित समय से अधिक देरी पर लागू होंगे।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन 3.0 कृतज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ICAR और फसल विज्ञान प्रभाव के सहयोग से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य फसल सुधार के लिए त्वरित प्रजनन को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम ICAR की राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तहत किया जा रहा है।
- पर्यावरण स्थिरता 2020-21 वार्षिक रिपोर्ट में हरित और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला गया है। यह शुद्ध शून्य उत्सर्जन, ऊर्जा संरक्षण उपायों, वैकल्पिक ईंधन, नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन आदि की दिशा में भारतीय रेलवे के प्रयासों पर प्रकाश डालता है। इस रिपोर्ट में जल संरक्षण, वनरोपण, स्टेशनों के हरित प्रमाणीकरण आदि की दिशा में भारतीय रेलवे के प्रयासों का उल्लेख किया गया है। भारतीय रेलवे 16 सितंबर से 2 अक्टूबर 2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा भी मना रहा है।
- भारत ने 2023 में एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए एससीओ की अध्यक्षता ग्रहण की। भारत सितंबर 2023 तक एक साल के लिए संगठन की अध्यक्षता करेगा। शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के नेताओं ने समरकंद, उज्बेकिस्तान में राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक में समरकंद घोषणा पर हस्ताक्षर किए। घोषणा के अनुसार भारत 2023 में एससीओ देश के प्रमुखों की परिषद की अगली बैठक की मेजबानी करेगा।
- भारत 19 से 24 सितंबर तक खाद्य और कृषि के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि के शासी निकाय के 9वें सत्र की मेजबानी करेगा। सत्र के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, जिसमें जर्मप्लाज्म, जैव विविधता और खाद्य और कृषि के संरक्षण और रखरखाव के तरीके शामिल हैं। इसके अलावा बैठक में किसानों और प्रजनकों के अधिकारों के विषय को भी शामिल किया जाएगा। सात दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में लगभग 262 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।
- केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन और राज्य लाइसेंसिग ने वर्ग A और B चिकित्सा उपकरणों के लाइसेंस के लिय 1 अक्टूबर 2022 से सुचारू परिवर्तन हेतु अद्यतन प्रदान किये।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना जो कि एक प्रमुख ग्रामीण आवास योजना है, को पूरा करने में किसी भी देरी के लिये दंड का प्रावधान किया है। जुर्माना राज्य सरकार पर लगाया जाएगा। यदि आवास जारी होने की तिथि से एक माह से अधिक समय तक आवास की स्वीकृति में विलंब होता है तो राज्य सरकार पर विलंब के पहले माह के लिये 10 रूपये प्रति आवास तथा बाद के प्रत्येक माह के विलंब हेतु प्रति आवास 20 रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा।
- रामनाथ कोविंद ने अंबेडकर एंड मोदीः रिफॉर्मर्स आइडियाज परफॉर्मर्स इम्प्लीमेंटेशन नामक पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन है। इस किताब की प्रस्तावना राज्यसभा सांसद इलैयाराजा ने लिखी है। इस पुस्तक में बारह अध्यायों में आधारभूत संरचना, शिक्षा, सामाजिक आर्थिक गतिशीलता, लैंगिक समानता ओर आत्मनिर्भरता पर फोकस किया गया है। यह पुस्तक डॉ. अंबेडकर के दृष्टिकोण के अनुरूप मोदी सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों और सुधारों पर प्रकाश डालती है।
- अभिनेता मनोज बाजपेयी द्वारा मुस्कुराते चंद लम्हे और कुछ खामोशियां नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक के लेखक जीवेश नंदन हैं। यह कविताओं का एक गुलदस्ता प्रस्तुत करती है। नई दिल्ली में एक समारोह में सूचना ओर प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन किया गया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व अल्जाइमर दिवस (World Alzheimer's Day) हर साल कब मनाया जाता है?**

(A) 21 सितंबर (B) 22 सितंबर
(C) 23 सितंबर (D) 24 सितंबर

**(A)** विश्व अल्जाइमर दिवस हर साल 21 सितंबर को मनाया जाता है। यह बीमारी एक उम्र के बाद लोगों में होने लगती है, जिसमें लोग चीजों को याद नहीं रख पाते हैं। इसका उद्देश्य जागरूकता लाना है, ताकि घर-परिवार की शोभा बढ़ाने वाले बुजुर्गों को इस बीमारी से बचाकर उनके जीवन में खुशियां लाई जा सके।




**2. अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस (International Day of Peace) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 19 सितंबर (B) 20 सितंबर
(C) 21 सितंबर (D) 23 सितंबर

**(C)** अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों और नागरिकों के बीच शांति व्यवस्था कायम रखने के लिये प्रयास करना एवं अंतर्राष्ट्रीय संघर्षो तथा विवादों पर विराम लगाना है। वर्ष 2022 के लिय थीम-End Racism.Build Peace रखी गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस को अहिंसा और संघर्ष विराम के अवलोकन के माध्यम से शांति के आदर्शो को मजबूत करने हेतु एक दिवस के रूप में घोषित किया है।




**3. वन नेशन वन एड्रेस के तहत सभी जगहों के पते डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करवाने वाला भारत का पहला और दुनिया का दूसरा शहर कौनसा बनेगा ?**

(A) अहमदाबाद (गुजरात) (B) इंदौर (मध्यप्रदेश)
(C) कोयंबटूर (तमिलनाडु) (D) भुवनेश्वर (ओडिशा)

**(B)** इंदौर भारत का पहला और विश्व का दूसरा शहर होगा, जहां सारे पते डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध होंगे। इंदौर के युवाओं ने एक ऐप बनाया है, जिसके जरिए लंबे ओर जटिल एड्रेस को एक छोटे से डिजिटल एड्रेस कोड में कन्वर्ट कर दिया जाएगा। इससे ई-कॉमर्स, कूरियर सर्विस, डिलिवरी करने वाले और विजिटर्स को सटीक लोकेशन पर पहुंचने में मदद मिलेगी। अभी तक अमेरिका के कैलिफोर्निया में ही डिजिटल पते का इस्तेमाल कर ड्रोन के माध्यम से सामान की डिलीवरी की जाती थी।




**4. BSF और दुनिया का पहला महिला ऊंट सवार दस्ता किस देश की सीमा पर तैनात किया जाएगा ?**

(A) पाकिस्तान (B) चीन
(C) बांग्लादेश (D) नेपाल

**(A)** राजस्थान और गुजरात से लगती पाकिस्तान की सीमा पर पुरूषों की तरह सीमा सुरक्षा में BSF का महिला ऊंट सवार दस्ता भी तैनात किया जाएगा। सीमा सुरक्षा बल ने लगभग 20 महिला जवानों को इसके लिए प्रशिक्षित कर लिया है। यह महिला दस्ता सीमा पर पेट्रोलिंग के साथ-साथ पाकिस्तान सरहद पर अलग-अलग कामों के लिए तैनात किया जाएगा।



**5. द यूनाइटेड इन साइंस रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की जाती है ?**

(A) ग्रीनपीस इंटरनेशनल (B) विश्व मौसम विज्ञान संगठन
(C) विश्व आर्थिक मंच (D) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

**(B)** हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने द यूनाइटेड इन साइंस रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्रीनहाउस गैस की सांद्रता बढ़ रही है। पेरिस समझौते के 1.5°C लक्ष्य के अनुरूप होने के लिए 2030 तक उत्सर्जन में कमी की प्रतिज्ञा लगभग 7 गुना अधिक होनी चाहिए।

**6. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के किस महान टेनिस खिलाड़ी ने टेनिस से संन्यास की घोषणा की है ?**

(A) रोजर फेडरर (B) नोवाक जोकोविच
(C) राफेल नाडाल (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रोजर फेडरर महान टेनिस खिलाड़ी ने टेनिस से संन्यास की घोषणा की है। सितंबर 2022 में होने वाला लेवर कप उनका अंतिम ATP टूर्नामेंट होगा। आठ खिताब (2003-2007, 2009, 2012, 2017) जीत चुके है। फेडरर विंबलडन के सबसे सफल खिलाड़ी है।



**7. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर भारत के पहले लिथियम सेल उत्पादन संयंत्र का उद्घाटन कहाँ किया है ?**

(A) पुणे (महाराष्ट्र) (B) गांधीनगर (गुजरात)
(C) बेंगलुरू (कर्नाटक) (D) तिरूपति (आंध्रप्रदेश)


**(D)** इस लिथियम आयन सेल निर्माण संयंत्र को चेन्नई में स्थित मुनोथ इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 799 करोड़ रूपये की लागत के साथ आंध्र प्रदेश के तिरूपति में स्थापित किया है। नई सुविधा की स्थापना के बाद यह संयंत्र भारत की 60% आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इस संयंत्र के पहले चरण में यह उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स खंड जैसे मोबाइल फोन, सुनने योग्य और वेरबल डिवाइस के लिए लिथियम-आयन सेल का उत्पाद किया जाएगा। दूसरे चरण में ऊर्जा भंडारण प्रणाली अंतिम चरण में दो ओर तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए होंगे।



**8. उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में कब घोषित किया गया था ?**

(A) 2000 (B) 2002
(C) 2005 (D) 2010

**(B)** जम्मू-कश्मीर को एक वैकल्पिक और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली प्रदान करने की दृष्टि से भारत सरकार ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना तैयार की थी। यह परियोजना उधमपुर से बारामूला तक 271 KM लंबी एक रेलवे लाइन है। इसका उद्देश्य कश्मीर क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ना है। यह हर मौसम वाली, आरामदायक, सुविधाजनक ओर लागत प्रभावी जन परिवहन प्रणाली देश के सबसे उत्तरी पहाड़ी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उत्प्रेरक का काम करेगी।



**9. कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए रामकृष्ण मिशन के तहत जागृति कार्यक्रम को किसने शुरू किया है ?**

(A) नरेंद्र मोदी (प्रधानमंत्री)
(B) राजनाथ सिंह (केंद्रीय रक्षा मंत्री)
(C) अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री)
(D) धर्मेंद्र प्रधान (केंद्रीय शिक्षा मंत्री)

**(D)** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र पधान ने कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए रामकृष्ण मिशन के जागृति कार्यक्रम शुरू किया है। यह जागृति कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दर्शन के अनुरूप एक बच्चे के समग्र व्यक्तित्व विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक पहल है।



**10. राष्ट्रीय खेल विकास कोष की स्थापना कब की गई थी ?**

(A) 1998 (B) 1999
(C) 2000 (D) 2001

**(A)** हाल ही में राष्ट्रीय खेल कोष ने भारत में खेलों के विकास के लिए नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह MoU नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन ओर ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के साथ मिलकर किया गया है। इसे नवंबर 1998 में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया था। यह खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय कोचों के तहत प्रशिक्षण के विभिन्न अवसर प्रदान करके खेलों को बढ़ावा देता है।

